पृविमं/1/39/2016-रा.भा./310

भारत सरकार

पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय

(राजभाषा अनुभाग)

पृथ्वी भवन,

लोधी रोड, नई दिल्ली

दिनांक : 16.12.2022

## कार्यालय ज्ञापन

**विषय: फिजी में 15-17 फरवरी, 2023 के दौरान 12वें विश्व हिंदी सम्मेलन का आयोजन।**

विदेश मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा फिजी सरकार के सहयोग से दिनांक **15-17 फरवरी**, 2022 को फिजी के नांदी शहर में **12वां विश्व हिंदी सम्मेलन** आयोजित किया जा रहा है। इस संबंध में, श्री सुब्रह्मण्यम जयशंकर, विदेश मंत्री द्वारा डॉ. जितेंद्र सिंह, पृथ्वी विज्ञान (राज्य मंत्री) को प्रेषित पत्र की प्रतिलिपि आपको इस आशय के साथ भेजी जा रही है कि कृपया अपने कार्यालय/संस्थान से राजभाषा अधिकारी/ नोड राजभाषा अधिकारी को इस सम्मेलन में भाग लेने के लिए यथाशीघ्र नामित करें और सम्मेलन की वेबसाइट का लिंक www.vishwahindisammelna.gov.in अपने संस्थान की वेबसाइट पर अपलोड करवायें।

16/XII/2022

**(मनोज आबूसरिया)**

संयुक्त निदेशक (राजभाषा)

दूरभाष: 011-24669564

ईमेल: abusaria.manoj@gov.in

संलग्नक: यथोपरि

**सेवा में,**

पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय के नियंत्रण वाले सभी कार्यालयों/संस्थानों के निदेशक/प्रमुख

**प्रतिलिपि आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित**

आई.टी. अनुभाग, पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय, नई दिल्ली। कृपया इसे मंत्रालय की वेबसाइट पर अपलोड करवायें।

Dy. No. 24708 15 ...... MP/MoS (PP)/2022

**राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) विज्ञान और प्रौद्योगिकी मंत्रालय,**
**राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय**
**राज्य मंत्री प्रधान मंत्री कार्यालय,**
**राज्य मंत्री कार्मिक लोक शिकायत और पेंशन मंत्रालय**
**राज्य मंत्री परमाणु ऊर्जा विभाग और अंतरिक्ष विभाग**

---

संलग्न पत्र श्री सुब्रह्मण्यम जयशंकर, माननीय विदेश मंत्री, भारत सरकार द्वारा माननीय मंत्री जी को संबोधित किया गया है। पत्र में उल्लिखित विषय माननीय मंत्री जी के अधीनस्थ सभी मंत्रालयों/विभागों से संबंधित है । कृपया उक्त संदर्भ में उचित कार्यवाही कराने का कष्ट करें ।

संलग्नक: यथोपरि

(हस्ताक्षर) हिमांशु शर्मा

**(हिमांशु शर्मा)**
माननीय मंत्री जी के निजी सचिव

| | |
|---|---|
| सचिव (कार्मिक) | |
| सचिव (एआरपीजी एवं पेंशन) | |
| सचिव (**विज्ञान एवं** प्रौद्योगिकी) | |
| सचिव (**जैव प्रौद्योगिकी**) | अलग कॉपी |
| सचिव (**डी एस आई आर**) | |
| ✓ सचिव (**पृथ्वी विज्ञान**) | |
| सचिव (परमाणु उर्जा विभाग) | |
| सचिव (अंतरिक्ष विभाग) | |

J.S
M. Rani 2/12

Email **Dr. Jitendra Singh**

**12वें विश्व हिंदी सम्मेलन के आयोजन और हिंदी विद्वानों के नामांकन के संबंध में कृपया भारत के विदेश मंत्री का संलग्न पत्र डाउनलोड करें।**

---

**From :** Binod Kumar <ddol1@mea.gov.in> Mon, Nov 28, 2022 04:01 PM
**Subject :** 12वें विश्व हिंदी सम्मेलन के आयोजन और हिंदी विद्वानों के नामांकन के संबंध में कृपया भारत के विदेश मंत्री का संलग्न पत्र डाउनलोड करें। 1 attachment
**To :** Dr. Jitendra Singh <mos-pp@nic.in>
**Cc :** Juglal Singh <diradmin@nic.in>, Himanshu Sharma <sharma.himanshu@ias.gov.in>
**Reply To :** Binod Kumar <ddol1@mea.gov.in>

प्रिय महोदय / महोदया,
15-17 फरवरी, 2023 को फिजी में होने वाले 12वें विश्व हिंदी सम्मेलन के आयोजन और हिंदी विद्वानों के नामांकन के संबंध में कृपया भारत के विदेश मंत्री का संलग्न पत्र डाउनलोड करें।
शुभकामनाओं सहित,
Dear Sir/Madam,
Kindly download the attached letter from External Affairs Minister of India regarding holding of 12th World Hindi Conference scheduled to be held in Fiji from 15-17 February, 2023 and nomination of Hindi scholars.
With best regards,
---------
सादर,

बिनोद कुमार,
उप निदेशक (राजभाषा),
आरबीबी, आई एंड टी प्रभाग
कमरा संख्या 235-एल
साउथ ब्लॉक, नई दिल्ली
इंटरकॉमः- 7290
दू. 011-49016657
मोबाइल नं. 9599575927

75 Azadi Ka Amrit Mahotsav
INDIA UN SECURITY COUNCIL 2021-2022

---

**डॉ. जितेन्द्र सिंह राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार), कार्मिक, लोक शिकायत और पेंशन मंत्रालय.pdf**
5 MB

---

विश्व हिंदी सम्मेलन
फिजी, 2023

सत्यमेव जयते

विदेश मंत्रालय, नई दिल्ली
Ministry of External Affairs
New Delhi

सुब्रह्मण्यम जयशंकर
विदेश मंत्री

संख्या. क्यू/हिंदी/621/22/2022-10

दिनांक :23 नवंबर, 2022

विषयः 12 वें विश्व हिंदी सम्मेलन के लिए नामांकन के संबंध में।

प्रिय डॉ. जितेंद्र सिंह जी,

मुझे आपको सूचित करते हुए अत्यंत हर्ष की अनुभूति हो रही है कि विदेश मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा फिजी सरकार के सहयोग से 12वां विश्व हिंदी सम्मेलन दिनांक 15-17 फरवरी, 2023 तक फिजी के नांदी शहर में आयोजित किया जा रहा है।

सम्मेलन का मुख्य विषय 'हिंदी-पारंपरिक ज्ञान से कृत्रिम मेधा तक (Hindi – from conventional wisdom to artificial intelligence)' है। विषय के अनुरूप विभिन्न समानांतर सत्रों का आयोजन एवं हिंदी से संबंधित विभिन्न प्रदर्शनियों एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन भी प्रस्तावित है। सम्मेलन के सफल आयोजन हेतु एक 'सलाहकार समिति' का गठन किया गया है जिसके अध्यक्ष विदेश राज्य मंत्री श्री वी. मुरलीधरन जी हैं।

अनुरोध है कि आप अपने मंत्रालय/विभाग में हिंदी संवर्ग से जुड़े अधिकारियों को इसमें भाग लेने के लिए नामांकित करें। साथ ही हिंदी में रुचि रखने वाले अन्य वरिष्ठ अधिकारियों को भी नामित किया जा सकता है। कृपया 12वें विश्व हिन्दी सम्मेलन से संबंधित जानकारी अपने मंत्रालय/विभाग के अन्य अधीनस्थ कार्यालयों/उपक्रमों में भी परिचालित करवाएँ ताकि वहां के अधिकारियों की सहभागिता सुनिश्चित की जा सके। सम्मेलन में भाग लेने के लिए ऑनलाइन पंजीकरण करवाना अनिवार्य है। सम्मेलन से संबंधित वेबसाइट www.vishwahindisammelan.gov.inपर यह सुविधा शीघ्र ही उपलब्ध होगी। पंजीकरण शुल्क मात्र 2000/- रु. है। सम्मेलन हेतु नामित अधिकारियों/कर्मचारियों के प्रतिभागिता संबंधी सभी व्यय संबंधित मंत्रालय/विभाग द्वारा वहन किए जाएंगे।

कृपया 12वें विश्व हिन्दी सम्मेलन की वेबसाइट का लिंक आप अपने मंत्रालय/विभाग की वेबसाइट पर भी डलवाना सुनिश्चित करें, ताकि अधिक से अधिक लोगों को इस सम्मेलन के संबंध में जानकारी प्राप्त हो सके और सम्मेलन में समुचित प्रतिभागिता सुनिश्चित की जा सके।

सादर,

(सु. जयशंकर)

डॉ. जितेंद्र सिंह,
राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार), कार्मिक, लोक शिकायत एवं पेंशन मंत्रालय (भारत सरकार)